2. परिभाषाएं- (1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों,-

(क) ''प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण'' से अधिनियम की धारा 2 की उप-धारा (1) के अधीन पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रयोग की जाने वाली सक्रिय वनीकरण की एक प्रणाली अभिप्रेत है;

(ख) ''अधिनियम'' से वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम,1980 (1980 का 69) अभिप्रेत है;

(ग) ''परामर्शदात्री समिति'' से अधिनियम की धारा 3 के अधीन गठित परामर्शदात्री समिति अभिप्रेत है;

(घ) ''प्रतिपूरक वनीकरण'' से अधिनियम के अधीन वनेतर प्रयोजन के लिए वन भूमि के अपवर्तन की एवज में किया गया वनीकरण अभिप्रेत है;

(ड़) ''प्रतिपूरक उद्ग्रहण'' में प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम, 2016 (2016 का 38) की धारा 4 की उप-धारा 3 के खंड (iii) और खंड (iv) में विनिर्दिष्ट सभी धनराशियां और निधियां सम्मिलित हैं;

(च) ''वन संरक्षक'' से वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक या वन भूमि पर अधिकारिकता, जिसके लिए केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित है, रखने वाले अधिकारी द्वारा वन सर्कल का कार्यभार ग्रहण करने के लिए राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रक्षाशन द्वारा नियुक्त वन संरक्षक के समकक्ष अधिकारी अभिप्रेत है;

(छ) ''उप-वन महानिदेशक (केन्द्रीय)'' से केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त क्षेत्रीय कार्यालय का प्रमुख अभिप्रेत है।

(ज) ''अनारक्षण'' से वन के रूप में कानूनी रूप से या अन्यथा मान्यताप्राप्त की गई भूमि की विधिक प्रास्थिति को भूमि के किसी अन्य प्रवर्ग में परिवर्तित करने के लिए राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन और उसके किसी प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया कोई आदेश अभिप्रेत है;

(झ) ''अपयोजन'' से किसी वन भूमि के उपयोग को वनेतर प्रयोजन या किसी वन भूमि के पट्टे को वनेतर प्रयोजन हेतु समनुदेशन के लिए राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन या उसके किसी भी प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया कोई आदेश अभिप्रेत है;

(ञ) ''जिला कलेक्टर'' उस वन भूमि, जिसके लिए अधिनियम के अधीन केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित है, पर अधिकारिकता रखने वाले राजस्व जिले के प्रशासन का प्रभार धारण करने के लिए उप-आयुक्त सम्मिलित हैं।

(ट) ''प्रभागीय वन अधिकारी'' से राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा नियुक्त प्रभागीय वन अधिकारी, उप-वन संरक्षक या प्रभागीय वन अधिकारी या उप-वन संरक्षक के समकक्ष कोई अधिकारी अभिप्रेत है, जिसे उस वन भूमि, जिसके लिए अधिनियम के अधीन केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित है, पर अधिकारिकता रखने वाले वन प्रभाग का प्रभार धारण करने के लिए नियुक्त किया गया है;

(ठ) ''भूमि बैंक'' से अधिनियम के अधीन अपयोजन के लिए प्रस्तावित या अपयोजित वन भूमि की एवज में प्रतिपूरक वनीकरण किए जाने के लिए राज्य सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा यथास्थिति भूमि को अभिज्ञात या चिन्हित करना अभिप्रेत है;

(ड) ''संरेखीय परियोजना'' से ऐसी परियोजनाएं अभिप्रेत हैं जिनमें सड़कों, पाइप लाइनों, रेलवे, पारेषण लाइनों, गारे की पाइपलाइन, प्रहवणी बेल्ट आदि के प्रयोजन के लिए वन भूमि का संरेखीय अपयोजन सम्मिलित है;

(ढ) ''राष्ट्रीय कार्य-योजना कोड'' से कार्य योजनाएं तैयार करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा तैयार किया गया कोड अभिप्रेत है;

(ण) ''नोडल अधिकारी'' से इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों को क्रियान्वित करने और वन संरक्षण के मामलों पर कार्रवाई करने वाला और केन्द्रीय सरकार से इस मामले में पत्राचार करने के प्रयोजन के लिए, यदि विभाग में मुख्य वन संरक्षक या उससे ऊपर का पद नहीं हो यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा प्राधिकृत ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो मुख्य वन संरक्षक से नीचे के पद का न हो, या संबंधित संघ राज्यक्षेत्र के वन विभाग में ज्येष्ठतम अधिकारी हो;

(त) ''परियोजना जांच समिति'' से नियम 8 के अधीन गठित परियोजना जांच समिति अभिप्रेत है;

'क्षेत्रीय सशक्त समिति'' से नियम 6 के उप नियम (1) के अधीन गठित की गई क्षेत्रीय सशक्त समिति अभिप्रेत है;

(थ) ''क्षेत्रीय कार्यालय'' से केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित, और नियंत्रित क्षेत्रीय कार्यालय अभिप्रेत है;

(द) ''सर्वेक्षण'' से किसी परियोजना के आरंभ से पूर्व किया गया कोई कार्यकालाप या वन भूमि में वास्तविक खनन कार्य करने से पूर्व खनिज भंडारों कि खोज, अवस्थिति या भंडार जिसके अंतर्गत कोयला, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस भी है को साबित करने के संयोजन के लिए किये गए कार्यकालाप जिसके अंतर्गत सर्वेक्षण, अन्वेषण, पूर्वेक्षण सहित ड्रिल करना भी शामिल है, अभिप्रेत है;

(ध) "प्रौद्योगिक उपकरण" से अधिनियम के अधीन पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता वाले प्रस्ताव के संबंध में निर्णय लेने को सुगम बनाने के लिए 'निर्णय समर्थन तंत्र' (डीएसएस) जैसे भगौलीक सूचना प्रणाली आधारित डिजिटल उपकरणों से अभिप्रेत है।

(न) ''प्रयोक्ता अधिकरण'' से अभिप्राय अधिनियम की धारा 1 के अधीन प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले किसी व्यक्ति, संगठन या कानूनी इकाई या कंपनी या केन्द्रीय या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के विभाग है;

(प) "कार्य की अनुमति" से ब्लैक टॉपिंग, कंक्रीट बिछाने, रेलवे ट्रैक बिछाने, ट्रांसमिशन लाइनों को चार्ज करने आदि के अतिरिक्त प्रारंभिक परियोजना कार्य आरंभ करने के लिए संसाधन जुटाने हेतु अंतिम अनुमोदन देने के पूर्व रैखिक परियोजनाओं को दी गई या 'सैधांतिक' अनुमोदन में यथा-निर्दिष्ट अनुमति से अभिप्रेत है;

(फ) ''कार्य योजना'' से समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित की गई राष्ट्रीय कार्य योजना कोड के उपबंधों के अनुसार तैयार किया गया दस्तावेज और जिसमें किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विशिष्ट वन प्रभाग के वनों के वैज्ञानिक प्रबंधन करने के लिए निर्धारित निर्देश सम्मिलित हैं, अभिप्रेत है।

(2) इसमें प्रयुक्त शब्दों और अभिव्यक्तियों और जिन्हें इन नियमों में परिभाषित नहीं किया गया है किंतु अधिनियम में परिभाषित किया गया है, का वही अर्थ होगा जैसा कि अधिनियम में क्रमश: उन्हें दिया गया है।

3. परामर्शदात्री समिति का गठन—(1) केन्द्रीय सरकार, आदेश द्वारा, नियम 10 के उपनियम (5) के उप खंड (ख) के अधीन निर्दिष्ट प्रस्तावों के संबंध में धारा 2 की उप-धारा (1) के अधीन अनुमोदन प्रदान करने के लिए और वनों के संरक्षण से संबंधित कोई मामला जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा परामर्शदात्री समिति को निर्दिष्ट किया गया है, के संबंध में केन्द्रीय सरकार को परामर्श देने के लिए एक परामर्शदात्री समिति का गठन कर सकती है:-

(2) परामर्शदात्री समिति में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित होंगे, अर्थात :-

(क) वन महानिदेशक, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय - अध्यक्ष;

(ख) अपर वन महानिदेशक, जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में वन संरक्षण से संबंधित कार्य देख रहे हैं - सदस्य;

(ग) अपर वन महानिदेशक, जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में वन्यजीव से संबंधित कार्य देख रहे हैं - सदस्य;

(घ) अपर आयुक्त (मृदा संरक्षण), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय - सदस्य;

(ङ) पारिस्थितिकी, इंजीनियरिंग और आर्थिक विकास अर्थशास्त्र क्षेत्रों से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करने वाले केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले तीन गैर शासकीय विशेषज्ञ - गैर-सरकारी सदस्य;

(च) वन संरक्षण और उसके अधिनियम के संबंध में कार्रवाई कर रहे वन महानिरीक्षक - सदस्य-सचिव

(3) अध्यक्ष, परामर्शदात्री समिति की बैठक में किसी भी डोमेन विशेषज्ञ को विशेष आमंत्रित व्यक्ति के रूप में सहयोजित कर सकते हैं।

(4) अध्यक्ष, परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और उनकी अनुपस्थिति में अपर वन महानिदेशक, जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में वन संरक्षण से संबंधित कार्य देख रहे बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

4. परामर्शदात्री समिति के गैर शासकीय सदस्यों के लिए निबंधन और शर्तें :—

(1) गैर-शासकीय सदस्य के अपने कार्यकाल की अवधि अपने नामनिर्देशन की तारीख से दो वर्ष तक होगी या जैसी केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्दिष्ट की गई है;

(2) एक गैर- शासकीय सदस्य का यदि विकृत चित्त या दिवालिया या किसी अपराध, जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित है, में दोष सिद्ध होने की दशा में उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी;

(3) यदि कोई गैर-शासकीय सदस्य बिना पर्याप्त कारणों से परामर्शदात्री समिति की लगातार तीन बैठकों में उपस्थित होने में असफल राहत है ता तो उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी;

(4) खंड (2) और (3) में बताए गए कारणों के द्वारा यदि कोई रिक्ति होती है तो उसे केन्द्रीय सरकार द्वारा दो वर्ष की शेष अवधि के लिए भर लिया जाएगा;

(5) परामर्शदात्री समिति के गैर-शासकीय सदस्य उस यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता के हकदार होगा जो समूह 'क' के पद धारण करने वाले भारत सरकार के किसी अधिकारी को ग्राहय होगा ;

(6) परंतु जहां संसद के सदस्य या राज्य विधान सभा के सदस्य को परामर्शदात्री समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, वहां वह यथास्थिति संसद सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन अधिनियम 1954 (1954 का 30) या संबंधित राज्य विधान सभा के सदस्यों से संबंधित विधि के संबंधित उपबंधों के अनुसार, यात्रा भत्ता और दैनिक भत्तों के लिए हकदार होगा।

5. परामर्शदात्री समिति के कार्यों का संचालन:—

(1) परामर्शदात्री समिति का अध्यक्ष जब कभी आवश्यक समझे, परामर्शदात्री समिति की बैठक माह में कम से कम एक बार बुला सकता है।

(2) परामर्शदात्री समिति की बैठक सामान्यता नई दिल्ली में होगी सिवाय इसके कि जब अध्यक्ष प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करना आवश्यक समझे तो वह उस स्थान पर बैठक आयोजित करने का निदेश दे सकता है जहां से प्रस्ताव का निरीक्षण किया जा सकता है।

(3) परामर्शदात्री समिति की बैठक की गणपूर्ति (कोरम) अध्यक्ष सहित पांच होगी।

(4) सदस्य सचिव बैठक की कार्य-सूची तैयार करेंगे और केन्द्रीय सरकार द्वारा परामर्शदात्री समिति को निर्दिष्ट प्रस्तावों और विषयों को प्रस्तुत करेंगे।

(5) परामर्शदात्री समिति अपनी बैठक में प्रस्ताव या विषयों की जांच करेगी और, तत्काल मामलों में, अध्यक्ष उस प्रस्ताव या विषय को सदस्यों को उनके विचारार्थ प्रेषित करने का निदेश दे सकता है, जो निर्धारित समय के भीतर समिति को उपलब्ध कराया जाएगा।

(6) प्रयोक्ता अधिकरण को ऐसी अवधि के लिए परामर्शदात्री समिति की बैठक में उपस्थित होने के लिए अनुज्ञात किया जा सकता है जो उनसे संबंधित किसी सूचना को प्रदान करने या किसी मुद्दे को स्पष्ट करने के लिए आवश्यक हो।

(7) प्रस्ताव या विषयों की जांच के पश्चात्, परामर्शदात्री समिति केन्द्रीय सरकार को अपनी सिफारिश/परामर्श देगी।

6. क्षेत्रीय सशक्त समिति का गठन - (1) केन्द्रीय सरकार, नियम 10 के उपनियम (3) के खंड (ख) के अधीन निर्दिष्ट प्रस्तावों की जांच करने तथा धारा 2 की उप-धारा (1) के अधीन प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान करने या अस्वीकार करने के लिए प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में आदेश द्वारा एक क्षेत्रीय सशक्त समिति का गठन कर सकेगी।

(2) प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय सशक्त समिति में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात् :-

(क) उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय) या केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट कोई अधिकारी - अध्यक्ष;

(ख) ख्याति प्राप्त व्यक्तियों में से, जो वानिकी और सहायक विषयों के क्षेत्र में विशेषज्ञ है, तीन गैर- शासकीय सदस्य - सदस्य;

(ग) क्षेत्रीय कार्यालय में वन संरक्षक और उप वन संरक्षक रैंक के अधिकारियों में से ज्येष्ठतम अधिकारी - सदस्य सचिव

(3) क्षेत्रीय सशक्त समिति का अध्यक्ष बैठक के लिए विशेष आमंत्रितों के रूप में डोमेन विशेषज्ञों को सहयोजित कर सकता है

(4) राज्य या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के वन विभाग और राजस्व विभाग से एक-एक प्रतिनिधि, जो भारत सरकार के निदेशक के पद से नीचे का न हो, को क्षेत्रीय सशक्त समिति द्वारा प्रस्तावों की जांच के लिए विशेष आमंत्रित के रूप में बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

(5) क्षेत्रीय सशक्त समिति के गैर-शासकीय सदस्यों के निबंधन और शर्तें :—

(1) एक गैर-शासकीय सदस्य उसके नामनिर्देशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा;

(2) एक गैर-शासकीय सदस्य को यदि विकृत चित्त, दिवालिया या एक ऐसे अपराध के लिए दोषी पाया गया हो, जिसमें नैतिक अधमता अंतर्विलित है, की स्थिति में उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी;

(3) यदि कोई गैर- शासकीय सदस्य बिना पर्याप्त कारणों से समिति की लगातार तीन बैठकों में उपस्थित होने में असफल राहत है तो उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी;

(4) उप नियम (2) और (3) में वर्णित किसी कारण के फलस्वरूप यदि क्षेत्रीय सशक्त समिति में सदस्य की कोई रिक्ति होती है तो उसे केंद्रीय सरकार उस सदस्य की शेष अवधि के लिए भर लिया जाएगा, जिसके स्थान पर रिक्ति हुई है;

(5) क्षेत्रीय सशक्त समिति के गैर-सरकारी सदस्य यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ते के हकदार होंगे जो समान वेतनमान वाले समूह 'क' पद धारण करने वाले भारत सरकार के एक अधिकारी के लिए ग्राहय है ;

(6) परंतु जहां संसद के सदस्य या राज्य विधान सभा के सदस्य क्षेत्रीय सशक्त समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, वहां वह यथास्थिति संसद सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन अधिनियम 1954 (1954 का 30) या संबंधित राज्य विधान सभा के सदस्यों से संबंधित विधि के संबंधित उपबंधों के अनुसार, यात्रा भत्ता और दैनिक भत्तों के लिए हकदार होगा।

7. क्षेत्रीय सशक्त समिति के कार्यों का संचालन:—सलाहकार समिति अपना कार्य निम्नानुसार संचालित करेगी, अर्थात्:-

(1) क्षेत्रीय सशक्त समिति का अध्यक्ष जब कभी आवश्यक समझे, समिति की बैठक आयोजित कर सकता हैं, जो माह में एक बार से कम नहीं हो;

(2) क्षेत्रीय सशक्त समिति की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्यालय में आयोजित की जाएगी:

परंतु क्षेत्रीय सशक्त समिति के अध्यक्ष जहां इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसी वन भूमि के स्थान का जिनका वनेत्तर प्रयोजनों के लिए प्रयोग किया प्रस्तावित है, का निरीक्षण आवश्यक या निर्दिष्ट प्रस्ताव के संबंध में विचार शीघ्रता से किया जाना आवश्यक या समीचीन है तो स्थल के ऐसे निरीक्षण के लिए यह क्षेत्रीय सशक्त समिति की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्यालय में न करके अन्य स्थान पर करने के निदेश दे सकते हैं;

(3) अध्यक्ष क्षेत्रीय सशक्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करेगा और उसकी अनुपस्थिति में, अन्य क्षेत्रीय कार्यालय का प्रभार संभालने वाला उप वन महानिदेशक या अधिनियम से संबंधित मामलों पर कार्य करने वाला वन महानिरीक्षक, जैसा कि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत किया जाए, क्षेत्रीय सशक्त समिति की बैठक की अध्यक्षता कर सकता है।

(4) क्षेत्रीय सशक्त समिति को सलाह या विनिश्चय के लिए निर्दिष्ट प्रत्येक प्रस्ताव पर क्षेत्रीय सशक्त समिति की बैठक में विचार किया जाएगा।

परंतु शीघ्रता वाले मामलों में, क्षेत्रीय सशक्त समिति का अध्यक्ष निदेश दे सकेगा कि दस्तावेजों को परिचालित किया जाए और क्षेत्रीय सशक्त समिति के सदस्यों को अनुबद्ध समय के भीतर उनकी राय के लिए भेजा जाए।

(5) क्षेत्रीय सशक्त समिति की बैठक में गणपूर्ति (कोरम) तीन होगी;

(6) प्रयोक्ता अभिकरण को बैठक के दौरान ऐसी अवधि के लिए उपस्थित रहने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा जो इससे संबंधित किसी सूचना को प्रदान करने या किसी मुद्दे को स्पष्ट करने के लिए आवश्यक हो।

(7) सदस्य सचिव बैठक की कार्यसूची तैयार करेंगे और अधिनियम से जुड़े प्रस्तावों और विषयों को समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे तत्पश्चात उचित सिफारिशें तथा निर्णय लिए जा सकें।

8. परियोजना जांच समिति का गठन:—(1) राज्य सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, एक आदेश द्वारा, अधिनियम की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (i), खंड (ii) या खंड (iii) के अधीन प्रस्तुत प्रस्ताव की पूर्णता की जांच करने के लिए एक परियोजना जांच समिति का गठन कर सकते हैं।

(2) परियोजना जांच समिति में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात्: -

(क) नोडल अधिकारी- अध्यक्ष;

(ख) संबंधित मुख्य वन संरक्षक/वनसंरक्षक - सदस्य;

(ग) संबंधित प्रभागीय वन अधिकारी - सदस्य;

(घ) संबंधित जिला क्लेक्टर और उनके प्रतिनिधि, (डिप्टी कलेक्टर के पद से नीचे का नहीं) - सदस्य;

(ङ) नोडल अधिकारी के कार्यालय में प्रभागीय वन अधिकारी - सदस्य - सचिव

(3) परियोजना जांच समिति की बैठक प्रत्येक मास में कम से कम दो बार होगी, और परियोजना जांच समिति की बैठक की गणपूर्ति तीन होगी।

(4) परियोजना जांच समिति, प्रस्तावों की जांच के पश्चात, यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को सिफारिश करेगी।

9. केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के लिये प्रस्ताव:—(1) केन्द्रीय सरकार अपना अनुमोदन दो चरणों में दिया करेगी, अर्थात (i) 'सैद्धांतिक' अनुमोदन; और (ii) 'अंतिम' अनुमोदन।

(2) प्रयोक्ता अभिकरण राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (1) के अधीन वन भूमि के अनारक्षण, वनेतर प्रयोजनों के लिए वन भूमि के उपयोग या पट्टे के लिए केन्द्रीय सरकार के वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन समनुदेशन केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन हेतु आवेदन प्रस्तुत करेगी।

(3) प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्रस्ताव के लिए एक प्रस्ताव पहचान संख्या को ऑनलाइन 'जेनरेट' किया जाएगा और उक्त पहचान संख्या का उपयोग भविष्य के सभी संदर्भों के लिए किया जाएगा।

(4) प्रस्ताव की एक प्रति, राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के संबंधित वनमंडल अधिकारी, जिला कलेक्टर, वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक और नोडल अधिकारी को भी साथ-साथ अग्रेषित की जाएगी और उनमें से प्रत्येक प्रस्ताव के प्रलेखन की पूर्णता की प्रारंभिक जांच स्वतंत्र रूप से करेगा।

(5) परियोजना जांच समिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से प्राप्त पांच हेक्टेयर या उससे कम की वन भूमि वाले प्रस्तावों के सिवाय, जांच करेगी कि प्रस्ताव सभी तरह से पूर्ण है और प्रस्तावित कार्यकलाप किसी प्रतिबंधित क्षेत्र या प्रवर्ग में नहीं है।

(6) परियोजना जांच समिति, स्पष्टीकरण या अतिरिक्त दस्तावेज, यदि कोई हो, के लिए प्रयोक्ता अभिकरण को बुला सकती है।

(7) परियोजना जांच समिति प्रस्ताव की पूर्णता और शुद्धता के लिए जांच करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि प्रस्ताव में कमियां, यदि कोई हों, तो उसकी पहचान की जाए और सदस्य-सचिव इस संबंध में प्रयोक्ता अभिकरण को सूचित करेगा।

(8) प्रयोक्ता अभिकरण को लौटाए गए प्रस्तावों को नब्बे दिनों की अवधि के भीतर उपरोक्त उप नियम (7) के अधीन अभिज्ञात कमी को दूर करने के पश्चात फिर से प्रस्तुत किया जा सकेगा, ऐसा न हो पाने पर प्रस्ताव को सूची से हटा दिया जाएगा।

(9) यदि प्रयोक्ता अभिकरण दिए गए समय के भीतर जानकारी प्रस्तुत करती है, तो परियोजना जांच समिति द्वारा प्रस्ताव की फिर से जांच की जाएगी और यदि प्रस्ताव सभी दृष्टि से पूरा नहीं पाया जाता है, तो कारणो को लेखबद्ध कर उसे सूची से हटा दिया जाएगा:

परंतु यह कि परियोजना जांच समिति द्वारा प्रस्ताव को सूची से हटाने के पश्चात, प्रयोक्ता अभिकरण, कमियों को संबोधित करने के बाद, उपरोक्त उपनियम (2) के अधीन उत्पन्न उसी प्रस्ताव पहचान संख्या का उपयोग करके केवल एक बार प्रस्ताव को फिर से सूचीबद्ध कर सकती है, जो फिर उपरोक्त उपनियम (5) से (2) में दी गई प्रक्रिया के अनुसार परियोजना जांच समिति द्वारा जांच की जाएगी और यदि प्रस्ताव अभी भी अपूर्ण पाया जाता है, तो इसे अस्वीकार किया जाएगा और इसका पोर्टल से स्थायी रूप से लोप किया जाएगा।

(10) परियोजना पहचान संख्या के साथ पूर्ण प्रस्ताव संबंधित प्रभागीय वन अधिकारियों, जिला कलेक्टरों, वन संरक्षक या मुख्य वन संरक्षक को क्षेत्र सत्यापन के लिए अग्रेषित किया जाएगा।

(11) जहां प्रस्ताव में सम्मिलित वन भूमि या उसका कोई भाग वन विभाग के प्रबंधन नियंत्रण के अधीन नहीं है, वहां जिला कलेक्टर राजस्व विभाग और वन विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त सत्यापन के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाणीकृत प्रस्ताव में प्रमाणित सम्मिलित वन भूमि की भूमि अनुसूची और नक्शा प्राप्त करेंगे।

(12) इसके अतिरिक्त, संबंधित प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा क्षेत्र में सत्यापित प्रत्येक प्रस्ताव, जिसमें 40 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि सम्मिलित है तो उसे संबंधित वन संरक्षक द्वारा और यदि प्रस्ताव में सौ हेक्टेयर से अधिक वन भूमि; सम्मिलित है तो नोडल अधिकारी द्वारा क्षेत्रीय निरीक्षण किया जाएगा।

(13) पांच हेक्टेयर या उससे कम की वन भूमि वाले प्रस्तावों के सिवाय, उप नियम (8) या (9) के अधीन पूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत करने से, इन नियमों से संलग्न अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर परियोजना जांच समिति के विचार के लिए प्रस्तुत किया जाएगा और परियोजना जांच समिति प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अंगीकृत किए जाने वाले उपशमन उपायों के साथ राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को इसकी सिफारिश करने के प्रयोजन से प्रस्ताव की व्यवहार्यता की जांच करेगी:

परंतु, परियोजना जांच समिति, वन भूमि की आवश्यकता को कम करने या वन और वन्यजीवों, पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने, प्रस्तावित प्रतिपूरक वनीकरण भूमि में परिवर्तन या परियोजना के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अंगीकार किए गए जाने वाले प्रस्तावित उपायों में परिवर्तन, जैसे कारणों से अपयोजन के लिए प्रस्तावित वन भूमि में परिवर्तन के संदर्भ में प्रयोक्ता अभिकरण से कोई स्पष्टीकरण, अतिरिक्त विवरण या उपांतरण की मांग कर सकती है, और इस प्रयोजन लिए यह प्रयोक्ता अभिकरण को एक प्रस्तुति देने के लिए कह सकती है:

परंतु यह और कि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समय पर पूरी जानकारी और स्पष्टीकरण तथा अतिरिक्त विवरण ऑनलाइन प्रस्तुत करने की स्थिति में परियोजना संचालन समिति द्वारा प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया जाएगा और यदि प्रयोक्ता अभिकरण मूल प्रस्ताव को पर्याप्त रूप से संशोधित करती है और वन भूमि या भूमि उपयोग योजना में परिवर्तन जैसे बड़े बदलाव करती है, तो परियोजना संचालन समिति उप नियम (7) से उपनियम (11) में दिए गए चरणों को पूरा करने के लिए प्रस्ताव को वापस कर सकती है और इसलिए ऐसे मामलों में इस उप नियम के चरणों को भी दोहराया जाएगा।

(14) जहां प्रयोक्ता अभिकरण यथानिर्दिष्ट अवधि के भीतर सही सूचना, अतिरिक्त विवरण या उपांतरित प्रस्ताव प्रस्तुत करने में असफल रहती है, प्रस्ताव अस्वीकृत माना जाएगा:

परंतु यदि प्रयोक्ता अभिकरण परियोजना जांच समिति को संतुष्ट करती है कि देरी का कारण उसके नियंत्रण से बाहर था, तो परियोजना जांच समिति लेखबद्ध कारणों के पश्चात उस प्रस्ताव पर पुनः विचार कर सकती है और यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को इसकी सिफारिश कर सकती है;

(15) पांच हेक्टेयर तक की वन भूमि वाले प्रस्ताव को प्रभागीय वन अधिकारी के स्तर पर उसकी जांच के पश्चात उसके द्वारा सीधे नोडल अधिकारी को अग्रेषित किया जाएगा और नोडल अधिकारी ऐसे प्रस्तावों को अपनी सिफारिशों के साथ राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को अग्रेषित करेगा:

बशर्ते कि प्रभागीय वन अधिकारी, प्रयोक्ता अभिकरण से प्रस्ताव प्राप्त करने के पश्चात, उनकी पूर्णता का आकलन करेगा और अपूर्ण प्रस्तावों को पूर्ण रूप से पुनः प्रस्तुत करने के लिए प्रयोक्ता अभिकरण को वापिस किया जाएगा।

(16) पांच हेक्टेयर या उससे अधिक की वन भूमि वाले प्रस्ताव को नोडल अधिकारी द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक के अनुमोदन से राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को परियोजना जांच समिति की सिफारिश के साथ अग्रेषित किया जाएगा और उसकी एक प्रति क्षेत्रीय कार्यालय को भेजी जाएगी;

(17) जहां यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन गैर-वन उद्देश्यों के लिए वन भूमि को अनारक्षित, अपयोजन या प्रस्ताव में उपदर्शित अनुसार वन भूमि को पट्टे पर न देने का निर्णय लेते हैं, तो इसकी सूचना प्रयोक्ता अभिकरण को नोडल अधिकारी द्वारा दी जाएगी ।

(18) जहां राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, वन भूमि को अनारक्षित करने के लिए, गैर-वन प्रयोजनों के लिए अपयोजन या पट्टे पर वन भूमि आवंटित करने के लिए जैसा कि प्रस्ताव में उपदर्शित है, सैद्धांतिक रूप से सहमत होने पर अपनी सिफारिश केन्द्रीय सरकार को अग्रेषित करेगी।

(10) प्रस्ताव का सैद्धांतिक रूप अनुमोदन:—

(1) उप नियम (2) में निर्दिष्ट प्रस्तावों के सिवाय, निम्नलिखित से संबंधित अन्य सभी प्रस्तावों:-

(i) रैखिक परियोजनाएं;

(ii) चालीस हेक्टेयर तक वन भूमि; और

(iii) 25 मेगावाट से तक क्षमता की जलविद्युत परियोजनाएं, चाहे उनकी नदी बेसिन में प्रस्तावित स्थापित क्षमता कुछ भी हो, जहां नदी बेसिन की वहन क्षमता का निर्धारण करने के लिए संचयी प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन किया गया है;

(iii) 0.7 तक वितान घनत्व वाली वन भूमि का उपयोग, चाहे सर्वेक्षण की दृष्टि से इसका विस्तार कुछ भी हो, और जिन्हें अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (iii) और इसके तदधीन जारी दिशानिर्देशों के अधीन छुट नहीं दी गई हो,

के बारे में क्षेत्रीय कार्यालय में जांच पड़ताल की जाएगी और इनका उपनियम (3) में विनिर्दिष्ट रीति से निपटारा किया जाएगा;

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट से भिन्न, सभी प्रस्ताव और निम्नलिखित प्रस्तावों, अर्थात् :-

(i) अनारक्षण;

(ii) खनन;

(iii) 25 मेगावाट से अधिक क्षमता की जलविद्युत परियोजनाएं, चाहे उनकी नदी बेसिन में प्रस्तावित स्थापित क्षमता कुछ भी हो, जहां नदी बेसिन की वहन क्षमता का आकलन करने के लिए संचयी प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन नहीं किया गया है या किसी नदी बेसिन में परियोजनाओं की अनुमति देने पर केंद्रीय सरकार द्वारा नीतिगत निर्णय नहीं लिया गया है;

(iv) अतिक्रमण का नियमितीकरण;

(v) अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन से संबंधित कार्योत्तर अनुमोदन,

की जांच और निपटारा इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट रीति से केंद्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा।

परंतु पेट्रोलियम अन्वेषण अनुज्ञप्ति या पेट्रोलियम खनन पट्टे, जिसमें वन भूमि पर भौतिक कब्जा और उसे खंडित करना अंतर्वलित नहीं है, समुनदेशित करने के लिए कोई अनुमोदन अपेक्षित नहीं है।

(3) उप नियम (1)के अधीन प्राप्त प्रस्तावों की क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा निम्नलिखित रीति में जांच की जाएगी, अर्थात्:

(i) 5 हेक्टेयर तक की वन भूमि वाले सभी प्रस्तावों की क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इसकी पूर्णता के संबंध में जांच की जाएगी, और जांच या निरीक्षण रिपोर्ट, जो भी आवश्यक समझी जाए, के पश्चात और उप नियम (5) के खंड (ii) के अधीन सूचीबद्ध पक्षों पर सम्यक ध्यान देते हुए, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कारणों को लेखबद्ध करते हुए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया जाएगा।

(ii) 5 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि वाले सभी रेखीय प्रस्तावों, 'सर्वेक्षण' के प्रयोजन के लिए 0.7 तक कैनोपी घनत्व वाली वन भूमि के उपयोग के लिए सभी प्रस्ताव, चाहे उनकी सीमा कुछ भी हो और पाँच हेक्टेयर से अधिक और चालीस हेक्टेयर तक वन भूमि के उपयोग वाले अन्य सभी प्रस्तावों की क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा उनकी पूर्णता की जांच के पश्चात क्षेत्रीय सशक्त समिति को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(iii) क्षेत्रीय सशक्त समिति, खण्ड (ii) के अधीन इसे निर्दिष्ट सभी प्रस्तावों की जांच करेगी और आगे की जांच या स्थल का निरीक्षण, जो भी आवश्यक समझी जाए, के पश्चात और नियम (5) के खण्ड (ii) के अधीन सूचीबद्ध पक्षों पर सम्यक ध्यान देते हुए, पूर्व अनुमोदन प्रदान करेगी या कारण लेखबद्ध करके उसे निरस्त करेगी।

(iv) इस नियम के अधीन प्रत्यायोजित शक्ति के अनुसार क्षेत्रीय सशक्त समिति या वन उप महानिदेशक द्वारा किसी प्रस्ताव को 'सैद्धांतिक' मंजूरी देने या अस्वीकार करने के लिए लिए गए विनिश्चयों का, जब भी आवश्यक हो या अपेक्षित हो, का पुनर्विलोकन किया जा सकता है, ऐसे विषयों में केंद्रीय सरकार द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

(4) क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा उप-नियम (2) में विनिर्दिष्ट प्रस्तावों के संबंध में एक स्थल निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की जाएगी और उसे केन्द्रीय सरकार को परामर्शदात्री समिति द्वारा विचार करने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

(5) केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राप्त प्रस्तावों की निम्नलिखित रीति में जांच की जाएगी अर्थात्:-

(i) उपनियम (2) के अधीन सभी प्रस्तावों, को इनकी पूर्णता की जांच के पश्चात, उप नियम (5) के अधीन अपेक्षित स्थल निरीक्षण रिपोर्ट के साथ या/यथा केंद्रीय सरकार द्वारा पूछे जाने पर, परामर्शदात्री समिति को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(ii) परामर्शदात्री समिति, खंड (i) में निर्दिष्ट सभी प्रस्तावों को, निम्नलिखित बिन्दुओं पर अपेक्षित ध्यान देते हुए परंतु उन्हीं तक सीमित न रहते हुए, जांच करेगी और आगे की जांच, जो भी आवश्यक समझी जाए, के पश्चात केन्द्रीय सरकार को उनके द्वारा अनुमोदन पर विचार करने के लिए सिफारिशें करेगी:-

(क) वन भूमि का प्रस्तावित उपयोग, किसी गैर-स्थल विनिर्दिष्ट प्रयोजन जैसे कि कृषीय प्रयोजनों, कार्यालय या आवासीय प्रयोजनों से या अपने आवासों से विस्थापित हुए व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए नहीं है।

(ख) राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, यथास्थिति, ने प्रमाणित कर दिया है कि उसने सभी विकल्पों पर विचार किया है और इन परिस्थितियों में कोई अन्य विकल्प साध्य नहीं है और यह कि अपेक्षित क्षेत्र की न्यूनतम आवश्यकता है।

(ग) राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, यथास्थिति, ने अपनी सिफारिश करने से पूर्व, वन भूमि के अपयोजन के कारण वन, वन्यजीव और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव वाले सभी मुद्दों पर विचार किया है।

(घ) राष्ट्रीय वन नीति के अधीन संबंधित अधिदेश;

(ड.) यदि वनेत्तर प्रयोजन के लिए उपयोग किए जाने वाली प्रस्तावित वन भूमि, किसी राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य, बाघ रिजर्व का एक हिस्सा है या अभिहित या अभिज्ञात बाघ या वन्यजीव गलियारा है या वनस्पति-जात और प्राणी-जात की किसी विलुप्तप्राय: या संकटग्रस्त प्रजाति का पर्यावास या गंभीर रूप से अपक्षरित जलग्रहण क्षेत्र में आने वाले क्षेत्र का हिस्सा है तो क्या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, यथास्थिति, द्वारा पर्याप्त औचित्य दिया गया है और समुचित उपशमन उपाय प्रस्तावित किए गए हैं; और

(च) राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, यथास्थिति, प्रतिपूरक वनीकरण करने के प्रयोजन से नियम 13 के अनुसार अपनी लागत या प्रयोक्ता अभिकरण की लागत पर समुचित भूमि के अपेक्षित विस्तार करने का उपबंध करता है।

(6) उप नियम (5) के अनुसार, सिफारिश करते समय समिति, शर्तों या निर्बधनों और ऐसे उपशमन उपायों, जो उसके विचार से प्रस्ताव के अधीन वन भूमि के अपयोजन के प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभाव को कम करेंगे, को भी लागू कर सकती है।

(7) केंद्रीय सरकार, परामर्शदात्री समिति की सिफारिश पर विचार करने के पश्चात निर्धारित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन, यथास्थिति सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान करेगी या अस्वीकृत करेगी और इस बारे में राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन और प्रयोक्ता अभिकरण को संसूचित करेगी।

(8) यदि इसकी जांच करने के पश्चात प्रस्ताव अपूर्ण या उपलब्ध कराई गई सूचना असत्य पाई जाती है तो केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन और प्रयोक्ता अभिकरण को एक विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अपेक्षित सूचना प्रस्तुत करने के लिए सूचित करेगी;

(9) राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन उपनियम 8 के अधीन संसूचना प्राप्त होने पर पूरी सूचना प्रस्तुत कर सकती है, जिसके पश्चात इन नियमों के अधीन 'सैद्धांतिक' अनुमोदन के लिए प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा :

परंतु, यदि वांछित सूचना, प्रयोक्ता अभिकरण से संबंधित है तो प्रयोक्ता अभिकरण , केन्द्रीय सरकार को अपेक्षित सूचना प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत करेगी जिसकी एक प्रति राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को भेजी जाएगी और प्रयोक्ता अभिकरण से ऐसी सूचना की प्राप्ति पर, केन्द्रीय सरकार, यदि आवश्यक समझे, तो प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना पर 'सैद्धांतिक' अनुमोदन की मंजूरी प्रदान करने पर विचार करने के लिए यथा स्थिति संबंधित राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की टिप्पणियां की मांग कर सकती है।

(10) राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, यदि ऐसा चाहे, रेखीय प्रस्ताव का 'सिद्धांतत:' अनुमोदन प्राप्त करने और प्रतिपूरक वनीकरण एवं शुद्ध वर्तमान मूल्य जैसे प्रतिपूरक उपग्रहणों तथा वन्यजीवन प्रबंधन योजना एवं मृदा और आर्द्रता संरक्षण योजना जैसी उपशमन योजना की लागत, यथा लागू, अधीन, भारतीय वन अधिनियम,

1927 (1927 का 16) या स्थानीय वन अधिनियम के तहत संरक्षित वन के रूप में प्रतिपूरक वनीकरण करने हेतु अभिज्ञात भूमि की अधिसूचना तथा अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) के अनुपालन में 'अंतिम' अनुमोदन प्रदान करने से पूर्व परियोजना कार्य प्रारम्भ करने हेतु 'कार्य अनुमति' प्रदान कर सकता है।

11. प्रस्ताव का अंतिम अनुमोदन :—

(1) नोडल अधिकारी, केंद्रीय सरकार से 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात, संबंधित प्रभागीय वन अधिकारियों, जिला कलेक्टरों और वन संरक्षक को इसकी सूचना दे सकता है;

(2) 'सैद्धांतिक' अनुमोदन की एक प्रति प्राप्त होने पर प्रभागीय वन अधिकारी एक मांग-पत्र तैयार करेगा जिसमें प्रतिपूरक उदग्रहण की मद-वार रकम, जैसा लागू हो,प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा भुगतान किया जाएगा और साथ ही 'सैद्धांतिक' अनुमोदन में नियत शर्तों के अनुपालन में उनके द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों, प्रमाणपत्रों और वचनबंधों की एक सूची के साथ प्रयोक्ता अभिकरण को सूचित करेगा;

(3) प्रयोक्ता अभिकरण सूचना की प्राप्ति के पश्चात, प्रतिपूरक उदग्रहण का भुगतान करेगा और प्रतिपूरक वनीकरण के लिए चिन्हित भूमि को सौंप देगा, प्रतिपूरक उदग्रहण के भुगतान के संबंध में वचनबंध और प्रमाण-पत्र सहित दस्तावेजी साक्ष्य की प्रतियों के साथ एक अनुपालन रिपोर्ट और प्रतिपूरक वनीकरण भूमि प्रभागीय वन अधिकारी को सौंप देगा;

(4) प्रभागीय वन अधिकारी, उप नियम (3) में निर्दिष्ट अनुसार अनुपालनरिपोर्ट प्राप्त करने के पश्चात् और इसकी पूर्णता की जांच करेगा और अनुपालन रिपोर्ट पर अपनी सिफारिश करेगा और इसे नोडल अधिकारी को अग्रेषित करेगा;

(5) नोडल अधिकारी अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त करने के पश्चात, इसकी पूर्णता सुनिश्चित करने और राज्य सरकार के प्रधान मुख्य वन संरक्षक या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के मामले में विभाग के प्रमुख का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात, यथास्थिति ऐसी रिपोर्ट को अपनी सिफारिशों के साथ राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को, अग्रेषित करेगा।

(6) केन्द्रीय सरकार, अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त कर लेने और इसकी पूर्णता सुनिश्चित करने के पश्चात, अधिनियम की धारा 2 की उप-धारा (1) के अधीन 'अंतिम' अनुमोदन प्रदान करेगी और ऐसे विनिश्चय के बारे में राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन और प्रयोक्ता अभिकरण को सूचित करेगी।

(7) यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, अधिनियम की धारा 2 की उप-धारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार का अंतिम अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात और अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) के अधीन अधिकारों के बंदोबस्त को सुनिश्चित करने सहित यथा लागू, अन्य सभी अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों की पूर्ति और अनुपालना करने के पश्चात, यथास्थिति अपयोजन, पट्टा समनुदेशित करने या अनारक्षण करने के आदेश जारी करेंगे।

(8) अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (i) के अधीन अनारक्षण का अंतिम आदेश, जहां भी दिया गया है, वन भूमि के अनारक्षण की सूचना यथा स्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा, राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी ।

(9) अनुमोदन प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया इस प्रयोजन के लिए विकसित ऑनलाइन पोर्टल में की जाएगी।

(10) जहां सैद्धांतिक अनुमोदन में अधिरोपित की गई शर्त का अनुपालन यथा स्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, से दो वर्षों से अधिक समय से प्रतीक्षित है, उनमें सैद्धांतिक अनुमोदन को अकृत और शून्य समझा जाएगा;

परंतु, केन्द्रीय सरकार लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों के लिए, ऐसे प्रस्ताव जिनमें एक हजार हेक्टेयर से अधिक की वन भूमि अंतर्वलित है, जिनमें सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है, सक्षम प्राधिकारी द्वारा चरणवार (अंतिम) अनुमोदन निम्न अनुपालना के अध्यधीन प्रदान कर सकता है :

(क) प्रतिपूरक उदग्रहण का संदाय और प्रतिपूरक वनीकरण करने के लिए चिन्हित और स्वीकृत भूमि की अधिसूचना क्षेत्र के भाग के अनुपात में अनुपालन के लिए प्रस्तुत की गई; और

(ख) अन्यकोई विनिर्दिष्ट शर्त जिसे अनुपालन के लिए केन्द्रीय सरकार उचित समझे के संबंध में अनुपालन की गई।

(11) उप नियम (7) के अधीन अंतिम अनुमोदन जारी करने और उप नियम (8) के अधीन राजपत्र में अधिसूचना जारी होने के पश्चात, यथास्थिति संबंधित वन भूमि को राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा प्रयोक्ता अभिकरण को सौंपा या समनिदेशित किया जा सकता है;

(12) क्षेत्रीय कार्यालय,'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान करते समय लागू की गई सभी शर्तों के अनुपालन की मॉनीटरी करेगा और राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन और प्रयोक्ता अभिकरण वर्ष में कम से कम एक बार, सैद्धांतिक अनुमोदन के दौरान अधिरोपित की गई शर्तों के अनुपालन को मॉनीटर करेगी और मॉनीटरी रिपोर्ट को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करेगा।

(13) प्रस्तावों पर कार्रवाई करने की संपूर्ण प्रक्रिया राज्य के विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा इन नियमों से संलग्न **अनुसूची -।** में विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर पूरी की जाएगी।

12. कार्य योजना के लिए केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव—

(1) राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन का नोडल अधिकारी केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर राज्य परामर्शदात्री समिति की सिफारिश के साथ-साथ राष्ट्रीय कार्य योजना कोड के उपबंधों के अनुसार सम्यक रूप से तैयार किए गए वन प्रभाग की प्रारूप कार्य योजना प्रस्तुत करेगा;

(2) प्रारूप कार्ययोजना में अन्य बातों के साथ-साथ अपयोजित वन भूमि तत्स्थानी प्रतिपूरक वनीकरण भूमियां और उस पर वनीकरण की प्रास्थिति के विवरण सम्मिलित होंगे;

(3) केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत की गई प्रारूप कार्य योजना की राष्ट्रीय कार्य योजना कोड, राष्ट्रीय वन नीति, के साथ और वनों के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए अधिनियम की प्रस्तावना के साथ इसकी अनुरूपता की जांच संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की जाएगी। क्षेत्रीय कार्यालय प्रारूप कार्य योजना को शर्तों के साथ-साथ या बिना किसी शर्तों के पूर्व अनुमोदन दे सकता है या प्रारूप कार्य योजना में अंतर्विष्ट उपबंधों में उपांतरण के साथ उस अवधि के लिए, जैसा कि उचित समझा जाए, अनुमोदन दे सकता है या कारण बताते हुए उसे अस्वीकार कर सकता है;

(4) राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या इसके अभिहित अधिकारी कार्य योजना के सभी या विनिर्दिष्ट उपबंध और उस अवधि जिसके लिए कार्य योजना अनुमोदित की गई है, के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रदान किए गए अनुमोदन में कार्य योजना के निर्देशों का कार्यान्वयन करेंगे;

(5) राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन अनुमोदित कार्यकारी योजना की मध्य-अवधि पुनर्विलोकन करेगा और अपनी सिफारिशों के साथ समीक्षा रिपोर्ट क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्तुत करेगा और क्षेत्रीय कार्यालय जांच करने के पश्चात अनुमोदन की शर्त में उपांतरण कर सकता है, या शेष अवधि के लिए पूर्व अनुमोदित कार्य योजना के उपबंधों में उपांतरण करते हुए एक नया पूर्व अनुमोदन जारी करेगा या इसके कारण लेखबद्ध करके मध्य-अवधि पुनर्विलोकन की सिफारिशों को अस्वीकार करेगा; और

(6) राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा प्रस्तुत पात्र वार्षिक कार्य योजना की दशा में क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भी विचार एवं अनुमोदन किया जा सकता है।

(7) धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (iv) के अधीन आने वाले सभी प्रस्तावों को चाहे उनका विस्तार कितना भी हो, संबंधित एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय को राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाएंगे;

(8) उप-नियम (1) के अधीन प्राप्त प्रस्तावों की जांच क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की जाएगी जो जांच के पश्चात, अनुमोदन दे सकता है या कारण लेखबद्ध करके उसे अस्वीकार कर सकता है;

(9) ऐसे प्रस्ताव जिनमें वन भूमि के संपूर्ण या कुछ भाग, जिनमें वितान सघनता 0.4 या अधिक हैं या मैदानों में बीस हेक्टेयर और पहाड़ों पर दस हेक्टेयर से अधिक आकार की अच्छी तरह से कटाई वाली वन भूमि के प्रस्ताव, जिनकी वितान सघनता कुछ भी हो, सम्मिलित हैं, क्षेत्रीय सशक्त समिति को अग्रेषित किए जाएंगे और क्षेत्रीय सशक्त समिति इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट रीति में इनसे निपटेगी और जबकि प्रस्ताव की जांच करते समय,

क्षेत्रीय कार्यालय यह सुनिश्चित करेगी कि अंतिम निर्णय राष्ट्रीय कार्य योजना कोड, राष्ट्रीय वन नीतिऔर वनों के संरक्षण और संवर्द्धन संबंधी अधिनियम की प्रस्तावना के अनुरूप है;

(10) इन नियमों के प्रयोजन के लिए "वन भूमि से वनस्पति की समूचित कटाई" का आशय आकार में एक हेक्टेयर या उससे अधिक की वन भूमि से सभी प्राकृतिक वनस्पति को चाहे वह किसी भी रूप में हो उन्हें काटकर, उखाड़कर या जलाकर हटाना है लेकिन विनिर्दिष्ट आकार या प्रजातियों के वृक्षों को गिराने के अन्य प्रकारों को जिसमें उनका चयन द्वारा गिराना या ठूंठों को गिराना सम्मिलित है, पर "वन भूमि से वनस्पति की समूचित कटाई" के रूप में विचार नहीं किया जाएगा।

13. प्रतिपूरक वनीकरण का सृजन—(1) प्रयोक्ता अभिकरण ऐसी भूमि उपलब्ध कराएगा जो न तो भारतीय वन अधिनियम 1927 (1927 का 16) या किसी अन्य विधि के अधीन वन के रूप में अधिसूचित हो, न ही वन विभाग द्वारा वन के रूप में प्रबंधित भूमि हो और वह ऐसी भूमि पर प्रतिपूरक वनीकरण (सीए) करने की लागत भी वहन करेगा और प्रतिपूरक वनीकरण भूमि की आवश्यकता इन नियमों के साथ उपाबद्ध अनुसूची-II के अनुसार होगी :

परंतु यह कि यदि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रदान की गई गैर-वन भूमि या उसका कोई हिस्सा विनिर्दिष्ट सघनता के प्रतिपूरक वनीकरण के लिए उपयुक्त नहीं है, तो वन विभाग के प्रबंधन नियंत्रण के अधीन ऐसी अवक्रमित अधिसूचित या अवर्गित वन भूमि पर अतिरिक्त प्रतिपूरक वनीकरण किया जाएगा जो दी गई प्रतिपूरक वनीकरण भूमि में ऐसी कमी के आकार से दोगुना हो, और प्रयोक्ता अभिकरण ऐसे लेखों पर आई अतिरिक्त लागत को भी वहन करेगी:

परंतु यह भी कि यदि प्रतिपूरकवनीकरण के लिए उपलब्ध कराई जा रही गैर-वन भूमि में पहले से ही 0.4 वितान सघनता या उससे अधिक की वनस्पतिपैदा हो रही है, तो ऐसी भूमि पर पेड़ लगाने की अतिरिक्त आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन समयबद्ध रीति से वन विभाग द्वारा वन फसल के सुधार के लिए एक कार्यक्रम कार्यान्वित किया जाएगा:

परंतु यह भी कि आपवादिक परिस्थितियों में जब इस खंड के अधीन प्रतिपूरक वनीकरण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है और, यथास्थिति इस आशय का प्रमाण पत्र राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र, द्वारा दिया जाता है,तो अवक्रमितवन भूमि पर प्रतिपूरक वनीकरण हेतु विचार किया जा सकता है जो मामला-दर-मामला के आधार पर केन्द्रीय सरकार की एजेंसियों या केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के मामले में अपयोजित किए जाने वाले प्रस्तावित क्षेत्र से दोगुना होगा:

परंतु यह भी कि आपवादिक परिस्थितियों में जब इस खंड के अधीन प्रतिपूरक वनीकरण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि उपलब्ध न हो, और यथास्थिति इस आशय का प्रमाण पत्र राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र, द्वारा दिया गया हो, तो अवक्रमितवन भूमि पर प्रतिपूरक वनीकरण पर विचार किया जा सकता है जो मामला-दर-मामला आधार पर कैप्टिव कोयला ब्लॉकों के लिए राज्य सार्वजनिक के उपक्रमों के मामले में अपयोजित किए जाने के लिए प्रस्तावित क्षेत्र से दोगुना होगा:

परंतु यह और कि यदि प्रयोक्ता अभिकरण परियोजना के निष्पादन के लिए कोई गैर-वन भूमि अधिग्रहण करता है, तो केन्द्रीय सरकार के अभिकरणों, केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों और राज्य सार्वजनिक उपक्रमों मामले में उपरोक्त अपवाद लागू नहीं होंगे।

(2) इस उप-नियम के अधीन प्रतिपूरक वनीकरण को बढ़ाने के विनिर्दिष्ट सघनता ऐसी होगा कि, प्रतिपूरक वनीकरण ऑपरेशन के शुरू होने के पांचवें वर्ष में 0.4 या उससे अधिक के न्यूनतम वितान सघनता का वन विकसित हो, और इस क्षेत्र में पर्याप्त वनस्पति सामग्री है जो इसे परिपक्व कर न्यूनतम 0.7 वितान सघनता वाली भूमि बनाने में सक्षम बनाता है;

(3) वनेतर भूमि के उपलब्ध न होने की दशा में प्रतिपूरक वनीकरण निम्नलिखित भूमियों पर भी किया जा सकता है, यथास्थिति जो कि ऐसे अपयोजित भू-क्षेत्र के कम से कम दो गुना या जो वन भूमि अपयोजन की जा रही हो और उपलब्ध वनेतर भूमि के बीच के अंतर के बराबर, उपलब्ध कराई जाएगी और इनको भारतीय वन अधिनियम, 1927 या स्थानीय अधिनियमों के अधीन 'अंतिम' अनुमोदन से पूर्व संरक्षित वन (पीएफ) के रूप में अधिसूचित किया गया है:

(क) राजस्व वन भूमि अर्थात जो सरकारी अभिलेख में वन के रूप में दर्ज भूमि है लेकिन किसी भी कानून के तहत वन के रूप में अधिसूचित नहीं है और वन विभाग द्वारा प्रबंधित नहीं है जैसे राजस्व भूमि या जुड़पी जंगल या छोटे या बड़े झाड़ का जंगल याजंगल-झाड़ी भूमि यासिविल-सोयम याओरेन्ज वन भूमि और वन भूमि की अन्य सभी श्रेणियां, परंतु यह है की इन्हें राज्य वन विभाग के नाम पर हस्तांतरित और दाखिल -खारिज किया जाय;

(ख) अरुणाचल प्रदेश के अवक्रमित अवर्गीकृत वनों का प्रतिपूरक वनीकरण के लिए प्रयोग किये जाने हेतु विचार किया जाएगा परंतु यह कि उन्हें राज्य वन विभाग के नाम पर हस्तांतरित और दाखिल-खारिज किया जाए;

(ग) हिमाचल प्रदेश राज्य की बंजर भूमि, जो संरक्षित वनों की श्रेणी में आती है, लेकिन न तो ऐसी जमीन पर सीमांकन किया गया है और न ही राजस्व अभिलेख में वन विभाग के नाम पर हस्तांतरित या दाखिल-खारिज किया गया है, परंतु उन्हें राज्य वन विभाग के नाम पर हस्तांतरित और दाखिल - खारिज किया जाए;

(घ) पंजाब, भूमि संरक्षण अधिनियम, 1900 की धारा (4) और धारा(5) के अधीन हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश राज्यों में, आने वाली भूमि, जो राज्य वन विभाग के प्रबंधन और प्रशासनिक नियंत्रण में नहीं हैं:

परंतु यह कि ऐसी भूमि तब तक राज्य वन विभाग के नाम पर अंतरित तथा दाखिल खारिज की जाएगी, जब तक कि मामले दर मामले के आधार पर उसे राज्य वन विभाग को अंतरित किए बिना, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16) के अधीन उन्हें केंद्रीय सरकार द्वारा उन्हें अधिसूचित करने क लिए यथाविनिर्दिष्ट और सहमति न दी जाए;

(4) निम्नलिखित प्रस्तावों के संबंध में अवक्रमित वन भूमि पर न्यूनतम दोगुनी सीमा तक प्रतिपूरक वनीकरण बढ़ाने के लिए विशेष व्यवस्था पर विचार किया जा सकेगा, अर्थात.-

(क) जिन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के पास कुल भौगोलिक क्षेत्र का 33% से अधिक वन क्षेत्र है और प्रतिपूरक वनीकरण के लिए उपयुक्त वनेतर भूमि की अनुपलब्धता का प्रमाण-पत्र राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा (**अनुसूची-III**)के अधीन विनिर्दिष्ट प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है, इन नियमों से संलग्न है।

(ख) पारेषण लाइन परियोजनाएं, जिसमें वनेतर भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है। वन भूमि के अपवर्तन के लिए आवेदन करते समय उपयोगकर्ता एजेंसी द्वारा पारेषण लाइन परियोजना में आने वाली वनेतर भूमि का कोई अधिग्रहण नहीं करने का अंडरटेकिंग प्रस्तुत किया जाएगा;

(ग) टेलीफोन/ऑप्टिकल फाइबर लाइनें बिछाना;

(घ) रेशम कीट पालन के लिए शहतूत का वृक्षारोपण किया जाना ;

(ड) नदी के तल से गौण सामग्री का निष्कर्षण,

(च) संपर्क मार्गों, लघु जल कार्यों, लघु सिंचाई कार्यों, स्कूल भवन, औषधालयों, अस्पताल, सरकार के छोटे ग्रामीण औद्योगिक शेडों का निर्माण या खनन और अतिक्रमण के मामलों को छोड़कर इसी तरह के किसी अन्य कार्य, जो पहाड़ी जिलों में क्षेत्र के लोगों को सीधे लाभान्वित करते हैं और अन्य जिलों में जहां वन क्षेत्र कुल भौगोलिक क्षेत्र का 50% से अधिक है, परंतु वन क्षेत्र का अपयोजन 5 हेक्टेयर से अधिक न हो।

(छ) फील्ड फायरिंग रेंज (एफएफआर) के वास्तविक प्रभाव क्षेत्र को अधिनियम के अधीन अपयोजन के लिए विचार किया जाता है या कुल वन क्षेत्र का 10% अपयोजित किया जाता है यदि फील्ड फायरिंग रेंज के पूरे क्षेत्र को अपवर्तित करने के लिए प्रस्तावित किया जाता है।

(ज) इस उप-नियम के अधीन, राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा प्रतिपूरक वनीकरण के प्रयोजन से चयनित किसी अवक्रमित वन भूमि को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकार किया जाएगा, जब ऐसे अवक्रमित वन का वितान घनत्व 40 प्रतिशत से कम है और एसे क्षेत्र वन्यजीवों के प्रबंधन और, संरक्षण के लिए प्रयोग की जा रही प्राकृतिक या प्रबंधित घास भूमि नही है।

(5) निम्नलिखित श्रेणियों के प्रस्तावों के मामले में प्रयोक्ता अभिकरण से काटे जाने वाले संभावित पेड़ों की संख्या के दस गुना अधिक वृक्षारोपण पर आने वाले खर्च या वनभूमि के अपयोजन के लिए आए आदेश में विनिर्दिष्ट संख्या

(न्यूनतम 100 पौधों की संख्या के अधीन) के रोपण पर आने वाले खर्च को प्रतिपूरक वनरोपण के शुल्क के रूप में प्रयोक्ता अभिकरण से वसूला जाएगा:

(क) पुनर्वनरोपण के लिए उपयोग करने के उद्देश्य से वन भूमि या उसके हिस्से में प्राकृतिक रूप से उगे पेड़ों को साफ़ करना;

(ख) एक हेक्टेयर तक वन भूमि का अपयोजन;

(ग) भू-तल पर अधिकार के बिना वन भूमि में भूमिगत खनन;

(6) वन क्षेत्र के लिए खनन पट्टे के नवीकरण के संबंध में कोई प्रतिपूरक वनीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा, जिसके लिए प्रतिपूरक वनीकरण के लिए भूमि और वृक्षारोपण की लागत का संदाय पहले ही किया जा चुका है;

(7) खान की आंतरिक सीमा के साथ सुरक्षा क्षेत्र के अनुरक्षण के लिए नियतवन भूमि के अपयोजन के संबंध में, प्रतिपूरक वनीकरण बढ़ाने के उपबंध, जैसा कि अपयोजन के लिए प्रस्तावित संपूर्ण वन क्षेत्र में लागू है, सुरक्षा क्षेत्र में स्थित वन भूमि के बदले में भी लागू होंगे।

(8) इन नियमों से संलग्न अनुसूची-II में उपबंधित उपबंधो के अनुसार वन्यजीव गलियारों और संरक्षित क्षेत्रों में अवस्थित वन भूमि के समीप प्रतिपूरक वनीकरण हेतु अभिज्ञात वनेतर भूमि को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

14. प्रतिपूरक वनीकरण का प्रबंधन—

(1) नियम 13 के उप-नियम 1 के के अधीन विनिर्दिष्ट की गई भूमि को उपयुक्त आकार के कंक्रीट के खंभों द्वारा सीमांकित किया जाएगा और सभी विल्लंगमों से मुक्त करके, राज्यवन विभाग या संघ राज्य क्षेत्र वन विभाग को सौंप दिया जाएगा, और संबंधित वन भूमि को अधिनियम के अधीन अंतिम अनुमोदन से पहले भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 की अधिनियम संख्या 16) की धारा 29 के अधीनया तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन, संरक्षित वन के रूप में अधिसूचित किया जाएगा;

(2) उक्त वन अपयोजन प्रस्ताव के भाग के रूप में अनुमोदित प्रतिपूरक वनीकरण योजना के अनुसार राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन या प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रतिपूरक वनीकरण के लिए चिन्हित और निश्चित की गई भूमि का रखरखाव और वनीकरण किया जाएगा और तत्स्थानी वन भूमि के अपयोजन का आदेश जारी होने के 1 वर्ष के भीतर प्रतिपूरकवनीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा और केन्द्रीय सरकार प्रतिपूरकवनीकरण के तौर तरीकों पर मागदर्शक सिद्धांत जारी कर सकती है, जिसमें वे अभिकरण भी सम्मिलित होंगे जो प्रतिपूरकवनीकरण कर सकते हैं;

(3) यदि वन भूमि, जिसका अपयोजन किया जाना है, ऐसे किसी पहाड़ी या पर्वतीय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में है जिसके भौगोलिक क्षेत्र का दो तिहाई से अधिक वन क्षेत्र हैया वह ऐसे किसी दूसरे राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में स्थित है जिसका भौगोलिक क्षेत्र का एक तिहाई से अधिक वन क्षेत्र है तो संबंधित राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र की सरकार की सहमति के अधीन रहते हुए उस दूसरे राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में प्रतिपूरक वनीकरण, मान्यता प्राप्त प्रतिपूरक वनीकरण और भूमि बैकों का सृजन किया जा सकता है।

परंतु, ऐसे मामलों में प्रतिपूरकवनीकरण के लिए धनराशि उस राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के राज्यप्रतिपूरकवनीकरणनिधि में स्थानांतरित की जाएगी जिसमें प्रतिपूरकवनीकरण हेतु भूमि की पहचान की गई है, और प्रतिपूरक उदग्रहण की गई बची हुई धनराशि उस राज्य सरकार यासंघ राज्यक्षेत्र के प्रतिपूरकवनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण में जमा की जाएंगी जिनमें वन भूमि को अपयोजितकरने का प्रस्ताव रखा गया है।

परन्तु यह और कि ऐसे मामलों में, जहां उप-नियम में विनिर्दिष्ट शर्तों जैसे कि भौगोलिक क्षेत्र की वन भूमि की प्रतिशत्ता को पूरा न किए जाने के कारण उसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में प्रतिपूरक वनीकरण करना संभव नहीं है, जहां वन भूमि का अपयोजन प्रस्तावित है या अन्य राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में, केंद्रीय सरकार जनहित में मामला-दर-मामला आधार पर अन्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रतिपूरक वनीकरण की अनुमति दे सकता है;

(4) (क) कोई राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनयथास्थिति,प्रतिपूरक वनीकरण के प्रयोजन के लिए वन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक भूमि बैंक बना सकता है;

(ख) भूमि बैंक का न्यूनतम आकार 25 हेक्टेयर का एकल ब्लॉक होगा:

परंतु, भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16) या तत्समय प्रवृत्तकिसी अन्य विधि के अधीनवन के रूप में घोषित या अधिसूचित भूमि में निरंतर भूमि बैंक होने की दशा में,संरक्षित क्षेत्र, टाइगर रिजर्व या अभिहित या अभिज्ञात बाघ या वन्यजीव कॉरिडोर के भीतर जमीन के आकार पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

(ग) उप नियम (5) के अधीन अर्जित प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण के अधीन आने वाली भूमि को भूमि बैंक में सम्मिलित किया जा सकता है।

(5) (क) केंद्रीय सरकार, धारा 2 के उप-धारा(1) अधीन पूर्व अनुमोदन अभिप्राप्त करने के लिए उपयोग किए जाने वाले एक प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण तंत्र का निर्माण कर सकती है;

(ख) किसी व्यक्ति द्वारा प्रत्यायितप्रतिपूरक वनीकरण अर्जित किया जा सकता है यदि उसने ऐसी भूमि पर वनीकरण किया हो जिसपर अधिनियम लागू नहीं होता है और वह भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त हो;

(ग) कोई वनीकरण प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण में गिना जाएगा यदि ऐसी भूमि में मुख्य रूप से 0.4 या उससे अधिक के वितान सघनता वाले पेड़ों से बना वनस्पति क्षेत्र हैं और पेड़ कम से कम पांच वर्ष पुराने हैं;

(घ) एक प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण 0.4 या अधिक वितान सघनता के साथ एक हेक्टेयर क्षेत्र के वनीकरण को विकसित करके अर्जित किया जाएगा। 0.4 वितान सघनता से कम या एक हेक्टेयर भूमि से कम के क्षेत्र के विकास के लिए कोई प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण नहीं होगा;

(ड.) उप-नियम (13) के अधीन प्रतिपूरक वनीकरण की प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण से अदला-बदली की जा सकती है,

परंतु प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण न्यूनतम दस हेक्टेयर के ब्लॉक को कवर करे और उस क्षेत्र में प्रतिपूरक वनीकरण के लिए विनिर्दिष्ट सन्नियमों के अनुसार बाड़ लगाई गई हो।

परंतु यह और कि किसी विधि के अधीन वन के रूप में घोषित या अधिसूचित भूमि में स्थित किसी भी आकार के प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण, संरक्षित क्षेत्र, बाघ रिजर्व या अभिहित अभिज्ञात बाघ या वन्यजीव कॉरिडोर के साथ प्रतिपूरक वनीकरण के लिए बदला जा सकता है।

(च) राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य या बाघ रिजर्व और अभिहित या अभिज्ञात बाघ या वन्यजीव कॉरिडोर से किसी गांव को स्वैच्छिक रूप से पुन:स्थापन करने के कारण वनेत्तर भूमि खाली करने से अर्जित प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची-II के अनुसार प्रतिपूरक वनीकरण के लिए अर्हता प्राप्त करेगा और प्रयोक्ता द्वारा अभिकरण नियम (13) के अधीन प्रतिपूरक वनीकरण के बदले उसका इस्तेमाल भी किया जा सकता है;

(छ) इस नियम के अधीन चिन्हित किए गए प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण का सीमांकन उपयुक्त आकार के ठोस स्तंभों द्वारा किया जाएगा और उस भूमि को सभी विल्लंगमों से मुक्त करते हुए, राज्य सरकार वन विभाग या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के वन विभाग को सौंप दिया जाएगा और इसे इस अधिनियम के अधीन अंतिम अनुमोदन प्रदान करने से पहले भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16) यातत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन संरक्षित वन के रूप में अधिसूचित किया जाएगा।

(ज) केन्द्रीय सरकार समय-समय पर प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण के सृजन और प्रतिपूरक वनीकरण भूमि के लिए इसकी अदला-बदली के प्रयोजन से उसके स्टॉक रजिस्ट्री तथा प्रबंधन और केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि तक उसके रखरखाव की लागत के बारे में एक विस्तृत मार्गदर्शक सिंद्धांत जारी कर सकती है।

(झ) प्रत्यायित प्रतिपूरक वनीकरण हेतु पंजीकृत सभी अस्तित्व ग्रीन क्रेडिट नीति कार्यान्वयन नियम, 2023 के अधीन ग्रीन क्रेडिट रजिस्ट्री का रजिस्ट्रीकरण करेंगे और वन भूमि के अपयोजन के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की उनकी पात्रता के अतिरिक्त ग्रीन क्रेडिट नीति कार्यान्वयन नियम, 2023के अधीन प्रत्यायित प्रतिपूर्ति वनीकरण के लिए भी ग्रीन क्रेडिटों का आवंटन किया जा सकेगा।

15. इस अधिनियम के अधीन अपराध के दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही—

(1) केंद्रीय सरकार, अधिसूचना जारी करके संबंधित राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के प्रभागीय वन-अधिकारी उप-वन-संरक्षक के दर्जे के या उससे ऊपर के किसी ऐसे अधिकारी को जिसके अधिकारकारिता में वह

वन भूमि आती है जिसके संबंध में इस अधिनियम के अंतर्गत कोई अपराध किया गया है या इस अधिनियम के किसी भी उपबंध का उल्लंघन हुआ है, किसी ऐसे न्यायालय में जिसकी अधिकारकारिता में यह मामला आता हो, ऐसे किसी व्यक्ति या प्रधिकारी या संगठन के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए प्राधिकृत कर सकती है जो कि प्रथम दृष्टया इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध को करने का या इसके अधीन बनाए गए किसी नियम के उल्लंघन करने का दोषी पाया गया हो।

(2) केंद्रीय सरकार, किए गए अपराध या उल्लंघन के संबंध में या तो राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या प्राधिकारणों या अन्य कोई स्रोत के माध्यम से या स्वतः जानकारी प्राप्त करने के पश्चात, इसकी जांच के पश्चात् उस संबंधित राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र और संबंधित प्राधिकारणों को, जिसके अधिकारकारिता के अंतर्गत इस अधिनियम के अधीन ऐसा अपराध किया गया है या उक्त अधिनियम के किसी उपबंध का उल्लंघन किया गया है, अधिकारकारिता रखने वाले किसी न्यायालय के समक्ष ऐसे अपराधी के विरुद्ध शिकायत दर्ज करने के लिए जानकारी देगी, और ऐसा किया जाना ऐसी शिकायत को इस प्रकार की सूचना की प्राप्ति से पैंतालीस दिनों की अवधि के भीतर दायर किए जाने के पहले ऐसे प्राधिकृत अधिकारी के लिए पूर्वाधार होगा राज्य सरकार और संबंधित प्राधिकरण समय-समय पर शिकायतें दर्ज करने के संबंध में एक आवधिक रिपोर्ट क्षेत्रीय कार्यालय प्रस्तुत करेंगे।

(3) सहायक महानिरीक्षक की श्रेणी या उससे उच्च पद वाले अधिकारी को केंद्रीय सरकार द्वारा, अधिसूचना के द्वारा,इस अधिनियम के अधीन किए गए अपराधों के विरुद्ध धारा कानूनी कार्यवाही शुरू करने और शिकायत दर्ज करने के किए प्राधिकृत किया जा सकता है।

